राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने दिल्ली आग हादसे पर दुःख व्यक्त किया

जयपुर, 08 दिसम्बर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिल्ली में रानी झांसी रोड़ स्थित फिल्मीस्तान की अनाज मण्डी में हुए आग हादसे पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस हादसे में हताहत हुए लोगों के प्रति संवेदना जताई है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि ऐसे अचानक होने वाले हादसे में लोगों को संवेदनशीलता के साथ एकजुट होकर मदद के प्रयास करने चाहिए।

सशस्त्र सेना झण्ड़ा दिवस

सैनिकों के कल्याण हेतु उदारता से दान करें

–राज्यपाल

जयपुर, 08 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण हेतु सहायता राशि प्रदान की। राज्यपाल श्री मिश्र के सैनिक कल्याण बोर्ड के निदेशक बिग्रेडियर करण सिंह राठौड़ ने झण्डा लगाया। राज्यपाल श्री मिश्र ने सहायता राशि भेंट करते हुए कहा कि '' यह दिवस वीर शहीदों को नमन करने, सेवानिवृत सैनिकों को सम्मानित करने और वीर शहीदों के परिवारों के प्रति दायित्व निर्वहन की याद दिलाता है। '' उन्होंने कहा कि '' सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर एकत्रित की जाने वाली राशि को पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों तथा विकलांग सैनिकों के कल्याण के लिए प्रयोग किया जाना, पुनित कार्य है। ''

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि '' इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों से अपील करता हूँ कि वे देश की सुरक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण करते हुए उनके परिवारों के कल्याण हेतु उदारता से दान करें। ''

गीता जयंती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 08 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गीता जयंती पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' मार्गशीष शुक्ल एकादशी को गीता जयंती पर्व श्रद्वा और उल्लास से मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिये गये उपदेश गीता में शामिल है। गीता के यह उपदेश आज भी प्रासंगिक है। मोह–माया के बंधन से निकलकर अपने जीवन को राष्ट्र के लिए आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। ''

राज्यपाल कल जोधपुर जायेंगे

जयपुर, 08 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र 9 दिसम्बर से दो दिवसीय जोधपुर यात्रा पर रहेंगे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र नौ दिसम्बर को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे, और दस दिसम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र दस दिसम्बर को सायं जयपुर लौटेंगे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल